| | |
|---|---|
| **भारत सरकार** | **लोक सभा** |
| **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** | **अतारांकित प्रश्न सं. 1345** |
| **वाणिज्य विभाग** | |

**दिनांक 30 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**एपीईडीए द्वारा कृषि उत्पादों का निर्यात**

**1345. श्री निलेश ज्ञानदेव लंके:**
**श्री धैर्यशील राजसिंह मोहिते पाटील:**
**श्रीमती सुप्रिया सुले:**
**श्री संजय दीना पाटिल:**
**डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे:**
**श्री भास्कर मुरलीधर भगरे:**
**श्री बजरंग मनोहर सोनवणे:**
**श्री नागेश बापुराव अष्टिकर पाटिल:**
**प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ :**

क्या **वाणिज्य और उद्योगमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान महाराष्ट्र सहित कितने राज्यों ने देश से कृषि खाद्य उत्पादों के निर्यात में योगदान दिया है;

(ख) सरकार द्वारा चालू वित्त वर्ष और आगामी वर्ष में कृषि उत्पादों के निर्यात हेतु क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं;

(ग) क्या चालू वित्त वर्ष के दौरान आज की तिथि तक भारत के कृषि निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यदि हां, तो निर्यात किए गए कृषि उत्पादों का ब्यौरा क्या है और उन देशों का ब्यौरा क्या है, जिन्हें यह निर्यात किया जा रहा है तथा उक्त अवधि के दौरान ऐसे निर्यातों से कुल कितना राजस्व अर्जित किया गया है;

(घ) क्या चालू वित्त वर्ष के दौरान और आज की तिथि तक भारत के कृषि निर्यात में उल्लेखनीय देखी गई है और यदि हां, तो निर्यात किए गए कृषि उत्पादों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार ने कृषि निर्यात नीति के कार्यान्वयन के लिए विभिन्न राज्यों के साथ कोई परामर्श किया है;

(च) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान देश में कृषि खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीईडीए) द्वारा की गई पहलों और किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है; और

(छ) उक्त अवधि के दौरान किसानों की आय पर कृषि निर्यात में हुई इस उल्लेखनीय वृद्धि का क्या प्रभाव पड़ा ?

**उत्तर**

**वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

(क) महाराष्ट्र राज्य सहित सभी राज्यों ने कृषि और खाद्य उत्पादों के निर्यात में योगदान दिया है और वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 में कुल कृषि निर्यात क्रमशः 50.21, 53.13 और 48.80 बिलियन अमरीकी डॉलर रहा है।

(ख) सरकार चालू वित्त वर्ष यानी 2024-25 में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों सहित निर्यात निष्पादन की मॉनिटरिंग कर रही है। खाद्य उत्पादों के लिए विशिष्ट लक्ष्य निर्धारण नहीं किया जाता है, लेकिन पिछले वर्ष की तुलना में निर्यात बढ़ाने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग और उद्योग के साथ बातचीत की जाती है।

(ग) और (घ) भारत के कृषि उत्पादों के निर्यात में फलों और सब्जियों, मसालों, कॉफी, चाय और तम्बाकू उत्पादों के क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। घरेलू खाद्य सुरक्षा आवश्यकताओं के प्रबंधन के कारण चावल, गेहूं और चीनी के क्षेत्रों में निर्यात में गिरावट देखी गई है। जिन कृषि उत्पादों में वृद्धि देखी गई है और शीर्ष पांच निर्यात गंतव्यों का विवरण अनुबंध 1 में दिया गया है।

(ड.) से (छ)

- सरकार ने दिसंबर 2018 में एक व्यापक कृषि निर्यात नीति (एईपी) की घोषणा की थी और विभिन्न राज्यों के साथ नियमित आधार पर निरंतर परामर्श किया जाता है ।
- कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) लगातार कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात संवर्धन गतिविधियों में लगा हुआ है और इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।
- एपीडा 'कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात संवर्धन योजना' को क्रियान्वित करता है। इस योजना के विभिन्न घटकों अर्थात अवसंरचना विकास, बाजार विकास और गुणवत्ता विकास के तहत विभिन्न विकासात्मक गतिविधियां चलाई जाती हैं और निर्यातकों को सहायता प्रदान की जाती है ।
- एपीडा विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों और प्रदर्शनियों में भाग लेने, वर्चुअल व्यापार मेलों, क्रेता-विक्रेता बैठकों के आयोजन और जीआई उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विदेशों में भारतीय मिशनों के साथ सहयोग कर रहा है।
- एपीडा ने निर्यात क्षमता वाले नए उत्पादों और नए गंतव्यों के लिए परीक्षण शिपमेंट की सुविधा भी प्रदान की है।
- वाणिज्य विभाग ने हितधारकों के मुद्दों का समाधान करने के लिए एपीडा के तत्वावधान में अलग-अलग उत्पादों के लिए निर्यात संवर्धन मंचों (ईपीएफ) की स्थापना की है। ईपीएफ में व्यापार/उद्योग, संबंधित मंत्रालयों/विभागों, नियामक एजेंसियों, अनुसंधान संस्थानों, राज्य सरकारों आदि का प्रतिनिधित्व है। चावल, केला, अंगूर, आम, प्याज, डेयरी उत्पाद, पोषक अनाज, अनार और फूलों की खेती के लिए क्रमशः 9 ईपीएफ बनाए गए हैं।
- एपीडा ने हाल के दिनों में कृषि उत्पादों के लिए कनाडा, चीन, दक्षिण कोरिया, ताइवान, पुर्तगाल, इंडोनेशिया, ईरान आदि जैसे नए बाजारों को खोलने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- एपीडा राज्य विभागों, राज्य कृषि विश्वविद्यालयों और कृषि विकास केन्द्रों के सहयोग से किसानों, कृषक-उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और निर्यातकों के लिए कृषि -निर्यात क्लस्टरों और राज्यों में क्षमता निर्माण/प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर रहा है ताकि कृषक समूहों को निर्यात-बाजार संपर्क प्रदान किया जा सके और उद्यमियों को संभावित निर्यातक बनने में सुविधा प्रदान की जा सके।
- एपीडा ने कृषि निर्यात के विकास के लिए संसाधनों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने हेतु कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, पशुपालन एवं डेयरी विभाग तथा विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के साथ तालमेल स्थापित करने के भी प्रयास किए हैं।
- किसानों को वैश्विक बाजार के साथ जोड़ने से किसान गुणवत्ता के प्रति अधिक सजग हो जाते हैं, अपने उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बना पाते हैं और बेहतर मूल्य प्राप्ति सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। इस प्रकार, उच्च कृषि निर्यात का किसानों की आय के साथ सकारात्मक संबंध है।

*****

**अनुबंध 1**

**<u>शीर्ष 5 निर्यात गंतव्य</u>**

(आंकड़े मिलियन अमरीकी डॉलर में)

**1. ताजे फल**

| देश | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|
| नीदरलैंड | 126.00 | 125.62 | 215.20 |
| संयुक्त अरब अमीरात | 147.54 | 151.19 | 195.04 |
| इराक | 22.32 | 41.03 | 89.77 |
| ईरान | 58.86 | 42.76 | 69.72 |
| बांग्लादेश पीआर | 148.67 | 83.36 | 58.78 |

**2. ताजी सब्जियाँ**

| देश | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|
| बांग्लादेश पीआर | 195.88 | 122.98 | 219.41 |
| संयुक्त अरब अमीरात | 94.30 | 158.39 | 122.11 |
| मलेशिया | 75.21 | 117.56 | 77.01 |
| श्रीलंका डीएसआर | 65.71 | 62.28 | 67.49 |
| नेपाल | 116.22 | 91.81 | 62.65 |

**3. कॉफ़ी**

| देश | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|
| इटली | 155.61 | 148.76 | 208.08 |
| जर्मनी | 94.76 | 122.50 | 126.93 |
| रूस | 59.66 | 104.71 | 75.98 |
| बेल्जियम | 89.08 | 90.33 | 73.83 |
| संयुक्त अरब अमीरात | 26.26 | 45.38 | 70.49 |

**4. चाय**

| देश | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|
| संयुक्त अरब अमीरात | 85.13 | 165.53 | 131.19 |
| इराक | 23.01 | 29.63 | 88.54 |
| यूएसए | 80.07 | 71.14 | 77.62 |
| रूस | 76.01 | 91.72 | 77.17 |
| यूके | 43.09 | 44.26 | 44.44 |

**5. मसाले**

| देश | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|
| चीन पी आरपी | 891.41 | 793.41 | 928.16 |
| यूएसए | 595.19 | 523.28 | 572.46 |
| बांग्लादेश पीआर | 230.43 | 257.04 | 338.95 |
| संयुक्त अरब अमीरात | 218.28 | 205.72 | 256.25 |
| थाईलैंड | 130.38 | 183.97 | 192.87 |

*****